पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को सम्मानित किया

प्रो0 सिंदूर अपनी कृतियों के माध्यम से सदैव याद किये जायेंगे-राज्यपाल

लखनऊः 17 अक्टूबर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में सिंदूर मेमोरियल अकादमी के महासचिव उस्ताद युगान्तर सिंदूर ने भेंट किया तथा उन्हें शॉल एव स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अकादमी की कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा गुप्ता एव सदस्य श्रीमती उर्मिल चानना भी उपस्थित थी।

राज्यपाल ने प्रख्यात गीतकार स्व0 प्रो0 राम स्वरूप सिंदूर को नमन करते हुए कहा कि वह प्रख्यात गीतकार के साथ-साथ उत्कृष्ट साहित्यकार भी थे। प्रो0 सिंदूर अपनी कृतियों के माध्यम से सदैव याद किये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत 15 अक्टूबर, 2016 को सिंदूर मेमोरियल अकादमी की ओर से आयोजित चौथे प्रो0 राम स्वरूप सिंदूर सम्मान-2016 का आयोजन किया गया था जिसमें राज्यपाल मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। किन्तु राज्यपाल को राष्टपति श्री प्रणव मुखर्जी से भेंट करने राष्टपति भवन जाना था जिसके कारण वह सम्मान समारोह में शामिल नही हो सके।

अंजुम/राजेन्द्र/राजभवन (385/23)

प्रदेश के राज्यपाल
25-05-1993 - 03-05-1996
03-05-1996 - 19-07-1996
19-07-1996 - 17-03-1998
17-03-1998 - 19-04-1998
20-04-1998 - 23-11-2000
24-11-2000 - 03-07-2004
03-07-2004 - 08-07-2004
08-07-2004 - 27-07-2009
28-07-2009 - 23-06-2014
23-06-2014 - 22-07-2014
22-07-2014 -